प्रेस प्रकाशनी PRESS RELEASE

भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA
वेबसाइट : www.rbi.org.in/hindi
Website : www.rbi.org.in
ई-मेल/email: helpdoc@rbi.org.in

संचार विभाग, केंद्रीय कार्यालय, एस.बी.एस.मार्ग, मुंबई-400001
Department of Communication, Central Office, S.B.S.Marg, Mumbai-400001
फोन/Phone: 022- 22660502

19 मई 2021

रिज़र्व बैंक के गवर्नर ने सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के एमडी एवं सीईओ से वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से बैठक की

गवर्नर, भारतीय रिज़र्व बैंक (रिज़र्व बैंक) ने 19 मई 2021 को सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के एमडी एवं सीईओ के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से बैठकें की। इस बैठक में उप गवर्नर श्री एम. के. जैन, श्री एम. राजेश्वर राव, डॉ. एम.डी. पात्र और श्री टी. रबी शंकर उपस्थित थे।

अपने उद्घाटन भाषण में, गवर्नर ने महामारी द्वारा उत्पन्न चुनौतियों से निपटने के लिए व्यक्तियों और कारोबारों को ऋण सुविधाओं सहित विभिन्न बैंकिंग सुविधाएं उपलब्ध कराने में सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों द्वारा निभाई जा रही महत्वपूर्ण भूमिका को स्वीकार किया। उन्होंने हाल ही में रिज़र्व बैंक द्वारा घोषित उपायों को सही ढंग से लागू करने के लिए बैंकों से कहा। उन्होंने बैंकों से यह भी आग्रह किया कि वे अपने तुलनपत्र के लचीलापन बढ़ाने के लिए उपायों पर ध्यान केंद्रित करना जारी रखें।

बैठक में अन्य विषयों के साथ-साथ निम्नलिखित मुद्दों पर चर्चा की गई।

1. वित्तीय क्षेत्र की वर्तमान स्थिति;
2. छोटे उधारकर्ताओं, एमएसएमई आदि सहित विभिन्न क्षेत्रों में ऋण प्रवाह।
3. कोविड समाधान ढांचा 1.0 के कार्यान्वयन में प्रगति;
4. मौद्रिक नीति संचरण; तथा
5. रिजर्व बैंक द्वारा किए गए कोविड से संबंधित नीतिगत उपायों का कार्यान्वयन।

(योगेश दयाल)
मुख्य महाप्रबंधक

प्रेस प्रकाशनी: 2021-2022/232